संपादकीय

किसान को राहत

केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों के खिलाफ जारी किसानों के विरोध के बीच बुधवार को केंद्र सरकार ने छह रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा की है। आगामी विपणन सीजन, जो कि मार्च, 2020 से आरंभ होगा, में सरकार ने दलहन व तिलहन की एमएसपी में ज्यादा वृद्धि की है। सबसे कम वृद्धि गेहूं की एमएसपी में की गई है। सरसों की एमएसपी में जहां 400 रुपये की वृद्धि की है, वहीं गेहूं की एमएसपी में 40 रुपये बढ़ाने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। दरअसल, केंद्र सरकार खरीफ व रबी मौसम की तेईस फसलों के लिये एमएसपी तय करती है ताकि बाजार में मूल्यों में गिरावट होने पर किसान को नुकसान न हो। यद्यपि रबी की फसल में गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन होता है लेकिन उस पर एमएसपी ज्यादा नहीं बढ़ाई गई। सरकार की मंशा है कि किसानों को गेहूं व धान की खेती को कम करने के लिये प्रेरित किया जाये ताकि तिलहनों और दलहनों की खेती को बढ़ावा दिया जा सके। देश में खाद्य तेलों के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि और इनके आयात के दबाव को कम करने के मकसद से सरकार ऐसे कदम उठा रही है। सरकार की मंशा है कि देश में मांग के अनुरूप ही तिलहन व दलहन की पैदावार में वृद्धि की जा सके। राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे हैं कि पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में जारी आंदोलन के चलते किसानों के असंतोष को कम करने की दिशा में यह एमएसपी में वृद्धि की गई है। वहीं केंद्र सरकार की दलील है कि इससे किसानों की आमदानी बढ़ेगी और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। दूसरी तरफ किसान नेताओं की दलील है कि एमएसपी में वृद्धि से किसानों को वास्तविक लाभ नहीं होगा क्योंकि किसानों के पास एमएसपी पर फसल बेचने की गारंटी नहीं होती।

दरअसल, पिछले नौ माह से जारी किसान आंदोलन में किसान जहां तीन नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं, वहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की मांग प्राथमिकता के आधार पर उठा रहे हैं। विपक्षी दल कह रहे हैं कि एमएसपी वृद्धि के जरिये केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड आदि राज्यों के आसन्न चुनाव के मद्देनजर किसानों को साधने की कोशिश में है। वहीं कुछ कृषि विशेषज्ञ मानते हैं कि बढ़ती महंगाई के बीच किसान को राहत देने के लिये ये कदम उठाये जाते हैं, एमएसपी बढ़ाये जाने का किसान आंदोलन व चुनावों से कोई सरोकार नहीं है। न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाना सामान्य प्रक्रिया है, जो सरकार हर साल बुआई से पहले अमल में लाती है। इसमें दो राय नहीं कि पेट्रोल-डीजल के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि के बाद महंगाई की जो मार सारा देश महसूस कर रहा है, उसकी तपिश किसान तक भी पहुंच रही है। कृषि उत्पादों की लागत पहले के मुकाबले बढ़ी है। डीजल, मशीनरी, बीज व खाद पर भी महंगाई का प्रभाव पड़ा है। मनरेगा में श्रमिकों की सक्रियता के बाद कई राज्य में खेती के लिये श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे मशीनरी पर किसानों की निर्भरता बढ़ी है। डीजल के दामों में वृद्धि ने किसानों की लागत बढ़ाई है। ऐसे में एमएसपी के जरिये किसी सीमा तक किसानों को राहत देने का प्रयास हुआ है। वहीं कुछ कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि एमएसपी में वृद्धि महंगाई दर के अनुपात में होनी चाहिए। सरकारी कर्मचारियों को भी तो महंगाई भत्ता मिलता है। यदि ऐसा नहीं होता तो किसान नुकसान में रहेंगे। वैसे भी एमएसपी इस बात की गारंटी नहीं है कि उससे फसल का वास्तविक मूल्य मिल सकेगा। यही वजह है कि किसानों को फसलों की विविधता बढ़ाने के लिये बेहतर विकल्प दिये जाने की बात कही जाती है। वे फसल चक्र में तभी परिवर्तन करेंगे यदि उन्हें नयी फसल से ज्यादा लाभ होगा। किसान मांग कर रहे हैं कि सरकार एमएसपी की घोषणा के साथ एमएसपी पर खरीद भी सुनिश्चित करे।

आईपीएल शुरू होने से पहले ही मचा बवाल, कई खिलाड़ियों ने खेलने से किया मना

नई दिल्ली । आईपीएल 2021 के दूसरे चरण के मुकाबले 19 सितंबर से शुरू होने हैं। यानी लगभग एक हफ्ते का समय बचा है, लेकिन अंतिम समय में खिलाड़ियों के हटने से फ्रेंचाइजी नाराज हैं और उन्होंने इसे लेकर बीसीसीआई को पत्र भी लिखा है। मालूम हो कि इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, डेविड मलान और क्रिस वोक्स ने निजी कारणों से हटने का फैसला किया। इसे मैनचेस्टर टेस्ट के विवाद से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हालांकि कई बड़े इंग्लिश खिलाड़ी टी20 लीग में खेलते दिखेंगे।जॉनी बेयरस्टो सनराइजर्स हैदराबाद से, मलान पंजाब किंग्स से जबकि क्रिस वोक्स दिल्ली कैपिटल्स में शामिल थे। हैदराबाद ने शरफेन रदरफोर्ड को जबकि पंजाब ने एडम मारक्रम को टीम में शामिल किया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फ्रेंचाइजी ने बोर्ड को पत्र लिखा है। एक फ्रेंचाइजी के अधिकारी ने कहा कि मैंने खिलाड़ियों से बात की ओर सभी ने बताया कि वे

15 सितंबर को टीम से जुड़ेंगे, लेकिन शनिवार को हमें पता चलता है कि वे नहीं आ रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि कोच और मैनेजमेंट इसे लेकर परेशान हैं। यह पूरी तरह अनप्रोफेशनल और अनुबंध के खिलाफ है, हमने इसे लेकर बीसीसीआई को पत्र भी लिखा है।

हालांकि अधिकारी ने कहा कि हम समझते हैं कि इस समय खिलाड़ी परेशानी से गुजर रहे हैं। वे लगातार बायो बबल में रह रहे हैं। वे मानसिक रूप से थके हुए हैं, लेकिन उन्हें हमें भी समझना होगा। अंतिम समय में उनके हटने से स्थिति को हमारे लिए संभालना मुश्किल हो जाता है। मालूम हो कि आईपीएल 2021 को कोरोना के कारण 4 मई को स्थगित कर दिया गया था। शेष 31 मुकाबले 19 सितंबर से यूएई में होने हैं।

आईपीएल 2021 की बात करें तो अब तक 6 इंग्लिश खिलाड़ी अलग-कारणों से टूर्नामेंट से हट चुके हैं। तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर चोट के कारण, बेन स्टोक्स मानसिक स्वास्थ्य के कारण जबकि जोस बटलर ने पिता बनने के कारण हटने का फैसला किया। अब जॉनी बेयरस्टो, क्रिस वोक्स और डेविड मलान ने निजी कारणों का हवाला देते हुए हटने का फैसला किया है। चोट के कारण लियाम लिविंग्स्टोन के खेलने पर संशय है। हालांकि इंग्लैंड के वनडे और टी20 के कप्तान ऑयन मॉर्गन सहित कई खिलाड़ी टी20 लीग में खेलते दिखाई देंगे।

न्यूजलाँड्री पर आयकर विभाग की फिर से तलाशी अभियान जारी

नई दिल्ली । आयकर विभाग ने न्यूज पोर्टल न्यूजलाँड्रीडॉटकॉम के दफ्तर में एक बार फिर से छापेमारी की है। आयकर विभाग ने इससे पहले जून में भी इसके कार्यालय में तलाशी ली थी। न्यूज पोर्टल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आयकर विभाग के अधिकारियों का एक दल कल दोपहर फिर से उसके कार्यालय परिसर में तलाशी की शुरूआत की जो मध्य रात को समाप्त हुयी।

उसने आरोप लगाया है कि इस दौरान उसके प्रमुख को अपने वकील से बात नहीं कर दिया गया और उनके फोन को भी रख लिया गया। तलाशी के दौरान कार्यालय में स्थित कंप्यूटर आदि से भी रिकार्ड लिये गये हैं। उसके प्रमुख के लैपटॉप के साथ ही फोन से भी आयकर विभाग ने डेटा डाउनलोड किया है।

सात दिनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली। लीबिया में गहराते संकट के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में सप्ताहांत पर आयी तेजी के बीच आज दिल्ली में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार सातवें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ। पिछले रविवार को इन दोनों की कीमतों में 15-15 पैसे प्रति लीटर की कमी की गयी थी। दिल्ली में आज इंडियन ऑयल के पंप पर पेट्रोल जहां 101.19 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 88.62 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 101.19 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 88.62 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

पाकिस्तानी लेग स्पिनर मोहम्मद नवाज न्यूज़ीलैंड श्रृंखला से पहले हुए कोरोना संक्रमित

कराची। पाकिस्तानी लेग स्पिनर मोहम्मद नवाज न्यूजीलैंड के खिलाफ 17 सितंबर से शुरू हो रही वनडे सीरीज से पहले कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उन्हें अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कोरोना प्रोटोकॉल के मुताबिक क्वारंटीन में भेज दिया गया है। नवाज दूसरे दौर के परीक्षण के दौरान पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनका इस्लामाबाद पहुंचने पर टेस्ट किया गया था। वह अब दस दिनों तक चारंटीन में रहेंगे, हालांकि पाकिस्तान टीम के अन्य सदस्य नेगेटिव पाए गए हैं और टीम ने शुक्रवार को निर्धारित शेड्यूल के अनुसार पिंडी क्रिकेट स्टेडियम में प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया था। इस बीच न्यूजीलैंड की टीम बंगलादेश का दौरा पूरा करने के बाद निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक आज इस्लामाबाद पहुंच गई है। वह बंगलादेश के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज 3-2 से हार कर आई है। दरअसल न्यूजीलैंड की टीम में उसके कई पहली पसंद के खिलाड़ी नहीं हैं और वह बंगलादेश और अब पाकिस्तान दौरे पर केन विलियमसन, ट्रेंट बोल्ट, काइल जैमीसन और लॉकी फर्ग्यूसन के बिना आई है, जो यूएई में आईपीएल 2021 के दूसरे चरण में भाग लेंगे। विलियमसन की अनुपस्थिति में टॉम लैथम टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने घोषणा की थी कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मैचों के लिए स्टेडियम में 25 प्रतिशत दर्शकों को बैठने दिया जाएगा। बशर्ते मैचों में भाग लेने वाले दर्शक पूरी तरह वैक्सीनेट हों। दोनों टीमों के बीच रावलपिंडी में तीन मैचों की वनडे सीरीज के प्रत्येक मैच में 4500 दर्शक मौजूद रहेंगे, जबकि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाने वाले पांच टी-20 मैचों में 5500 दर्शक बैठेंगे।

रद्द मैच पर फैसले की प्रक्रिया शुरू करे आईसीसी : ईसीबी

लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच रद्द हो जाने के बाद ओल्ड ट्रैफर्ड के इस मैच और दोनों देशों के बीच सीरीज के फैसले की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इंग्लैंड एन्ड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पत्र लिखकर मैच के फैसले की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है ।

मैनचेस्टर में आखिरी टेस्ट शुरू होने से लगभग तीन घंटे

पहले भारतीय खेमे में कोरोना की आशंका के चलते रद्द कर दिया गया था। इससे पहले भारतीय टीम के दूसरे फिजियो योगेश परमार कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। मैच को हालांकि अगली गर्मियों में फिर से निर्धारित किये जाने की उम्मीद है लेकिन ईसीबी के मुख्य कार्यकारी टॉम हैरिसन ने कहा कि यह मैच इस सीरीज को जारी रखने वाला मैच नहीं होगा बल्कि एक सामान्य मैच होगा। यदि ऐसा मामला होता है तो यह मैच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होगा और इस सीरीज का फैसला करना होगा और इसी मांग के साथ ईसीबी ने यह बात आईसीसी की अदालत में डाल दी है।

'रावण लीला' में दिखा प्रतीक गांधी का रोमांटिक अंदाज

वेबसीरीज स्कैम से फैंस के बीच छा जाने वाले एक्टर प्रतीक गांधी एक बार फिर से चाहने वालों के बीच धमाल करने वाले हैं. स्कैम के लिए प्रतीक को काफी वाहवाही मिली थी. ऐसे में अब एक्टर फिल्म रावण लीला (भावई) के जरिए फैंस से रूबरू होने वाले हैं. फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है. ट्रेलर आते ही फैंस के बीच छा गया है.

प्रतीक की इस फिल्म की चर्चा एक लंबे समय से हो रही थी. यही कारण है कि उनके फैंस भी रावण लीला का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. आपको बता दें कि रावण लीला के ट्रेलर को पेन इंडिया ने अपने आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट पर साझा किया है.

इस फिल्म में प्रतीक गांधी के साथ अभिनेत्री ऐंद्रिता रे, अंकुर भाटिया, अभिमन्यु सिंह, राजेश शर्मा, अंकुर विकल, राजेंद्र गुप्ता, गोपाल सिंह, फ्लोरा सैनी, अनिल रस्तोगी, कृष्णा बिष्ट जैसे कई कलाकार दिखाई देने वाले हैं. ट्रेलर से साफ हो रहा है कि प्रतीक गांधी का इसमें रोमांटिक अंदाज दिखने वाला है, जो फैंस के बीच धमाल करेगा.

फिल्म रावण लीला के ट्रेलर के ट्रेलर से साफ लग रहा है कि ये मूवी एक अलग तरह की प्रेम कहानी की बयां करने वाली है. ट्रेलर से फिल्म की कहानी साफ हो रही है कि ये गुजरात पर केंद्रित है, इसमें रावण के रोल में नजर आने वाले प्रतीक और सीता का पात्र निभाने वाली ऐंद्रिता बीच रियल लाइफ में रोमांस दिखाया है जिसका गांव वाले विरोध करते हैं.

साथ ही ट्रेलर के अंत में रावण और राम का एक सीन अजीब सा दिखाया गया है जैसे दिखाया है कि सीन होता कि तुमने हमारी बहन की नाक काटी, हमने तो आपकी स्त्री को कुछ नहीं किया, लेकिन लंका हमारी जली, भाई हमारे मरे, ऐसा क्यों? इस पर राम बना कलाकार कहता हैं क्योंकि हम राम है.

आज का राशिफल

मेषः आज आप सामाजिक तथा सार्वजनिक क्षेत्र में लोगों की प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। लक्ष्मीजी की कृपा रहेगी। वाहन सुख मिलेगा।

वृषभ : शारीरिक मानसिक स्वस्थता के साथ आप अपने कार्य निर्धारित रूप से आयोजनपूर्वक पूरा कर सकेंगे। बीमार व्यक्ति आज स्वास्थ्य में सुधार का अनुभव करेंगे।

मिथुन : नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। चर्चा, वाद- विवाद के दौरान मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें। स्त्री मित्रों के पीछे धन खर्च होगा।

कर्क : आपमें आज आनंद और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में खिन्नता रहेगी। छाती में दर्द या अन्य कोई कारण से तकलीफ होगा। अनिद्रा सताएगी।

सिंह : आज के दिन आप शरीर में ताजगी और चित्त की प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दोस्तों के साथ अधिक घनिष्ठता अनुभव करेंगे। मित्रों एवं स्वजनों के साथ लघु पर्यटन या प्रवास होगा।

कन्याः परिवार में सुख-शांति और कुटुंबीजनों के साथ आनंद आज के दिन को खुशहाल बनाएंगे। आज आपकी मधुरवाणी का जादू अन्य लोगों को प्रभावित करेगा।

तुला : आज आपकी रचनात्मक शक्ति यां प्रकट होंगी। सृजनात्मक प्रवृत्तियां करेंगे। वैचारिक दृढ़ता से आपके कार्य सफल बनेंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

वृश्चिक : आज दिन के समय आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च करेंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक तकलीफों से परेशान होंगे।

धनु : आज का दिन आपके लिए लाभदायक होगा। गृहस्थजीवन में सुख-शांति रहेगी। प्रिय व्यक्ति के साथ का मिलन यादगार रहेगा।

मकर : वसूली, प्रवास, आय आदि के लिए शुभ दिन है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी या नौकरी में उच्च पदाधिकारियों द्वारा आपके काम की प्रशंसा होगी।

कुंभ: आज आपको तबीयत में बेचैनी, थकान और ऊबन रहेगा। परंतु मानसिक स्वस्थता बनाए रख सकेंगे। शरीर में स्फूर्ति का अभाव रहेगा।

मीनः बीमारी के पीछे खर्च करने पड़ेंगे। अचानक धन खर्च होगा। अन्य कामकाज में भी आपको थोड़ी प्रतिकूलता का अनुभव करना पड़ेगा।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म नो लैंड्स मैन का दमदार फर्स्ट लुक हुआ रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी इन दिनों खूब चर्चा में चल रहे हैं. एक्टर लगातार अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं. जहां अब उनकी फिल्म नो लैंड्स मैन फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म के फर्स्ट लुक को देखने के बाद जो पहला शब्द हमारे दिमाग में आता है वो है पेचीदा. अपने दमदार अभिनय से अपनी अदाकारी का लोहा मनवा चुके एक्टर ने अब नो लैंड्स मैन के साथ अंग्रेजी फीचर फिल्मों में कदम रख रहे है.

इस लुक में एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी बेहद अलग अंदाज में

नजर आ रहे हैं. जहां उनके तीव्र और गंभीर अवतार ने सभी ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है. इस लुक में एक्टर सीधे कैमरे में देखते हुए नजर आते है, जैसे कि वह अपनी आंखों से हममें गहराई से निहार रहे हो. नवाज अब सोशल मीडिया की ताकत को पूरी तरह से समझ चुके हैं. जिस वजह से उन्होंने दर्शकों के बीच इस फिल्म के किसी ट्रेलर, टीजर को नहीं महज एक लुक को साझा किया है जो उनके फैंस को काफी पसंद आ रहा है.

इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा क्या कोई इस लड़के के बारे में जानता है? मैं उसे ढूंढ रहा हूं. मैं उसके बारे में ज्यादा नहीं जानता, सिवाय इसके कि वह फिल्म नो लैंड्स मैन से नवीन है, जिसे प्रतिष्ठित में किम जिसियोक अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है और यह फर्स्ट लुक है! हां! एक्टर का ऐसा अंदाज पहले किसी फिल्म के लिए नहीं देखा गया था.

आज किसी पहचान के मोहताज नहीं वेधिका कुमार

इमरान हाशमी के साथ फिल्म द बॉडी से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री वेधिका कुमार आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। बता दें कि वह हमेशा अपनी खूबसूरत तस्वीरों को लेकर इंटरनेट पर छाई रहती है कई बार अपनी बोल्ड तस्वीरों से वह इंटरनेट पर तहलका मचा चुकी है। हाल ही में उन्होंने कुछ तस्वीरें पोस्ट की है जिसमें वह समंदर किनारे बैकलेस अवतार दिखाते हुए नजर आ रही है और वह काफी हॉट लग रही है जो कि आप इन तस्वीरों में देखकर अंदाजा

लगा सकते हो । आपको बता दें कि यह अभिनेत्री तमिल और तेलुगू भाषाओं की फिल्मों में ज्यादा काम करती है और उनको ज्यादा बॉलीवुड में काम नहीं मिल रहा है। विदिका का जन्म महाराष्ट्र की एक कन्नड़ फैमिली में हुआ। विदका ने किशोर नमित कपूर स्कूल से ऐक्टिंग की ट्रेनिंग ली है।

लंच में बनाएं जायकेदार कॉर्न फ्राइड राइस

जब कभी किचन में बहुत ज्यादा वक्त बिताने का दिल न हो तो ट्राय करें कॉर्न फ्राइड राइस, जो न सिर्फ हेल्दी है बल्कि मिनटों में हो जाती है तैयार।

सामग्री :

1 कप रात का बचा चावल या पका ताजा चावल, 1 बारीक कटा प्याज, 1-1 मीडियम आकार की बारीक कटी हरी-लाल शिमला मिर्च, 1 टीस्पून बारीक कटा लहसुन, 1 हरी मिर्च, 1 कप फ्रोजन मक्के के दाने, 1/2 कप उबले हुए मटर के दाने, नमक स्वादानुसार, 1/2 टीस्पून काली मिर्च पाउडर, 1 टीस्पून सोय सॉस, 1 टीस्पून विनेगर, 1 टीस्पून शेज़वान सॉस, थोड़ा सा बारीक कटा स्प्रिंग अनियन, 1 टीस्पून ऑलिव ऑयल

विधि :

कड़ाही में तेल डालें। इसमें लहसुन और हरी मिर्च को बीच में से काटकर चलाएं।

अब इसमें प्याज और शिमला मिर्च डालकर सॉते करें। अब मक्के के दाने और मटर डालकर चलाएं।

अब चावल डालकर एक बार फिर टॉस करें। अब बची सामग्री को एक-एक कर डालकर चलाते जाएं। तैयार है कॉर्न फ्राइड राइस।

शब्द सामर्थ्य- 199

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 198 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

सू-दोकू- 199

9		8		1		7		
4		6			7		5	
	3			6		8		9
		3			1		6	
5			6			9		
		9		5			3	
3			7		9			1
	5			2		3	9	
1		4			8		7	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.198 का हल

7	5	6	4	1	2	8	3	9
3	4	8	6	7	9	2	1	5
1	2	9	5	3	8	7	4	6
2	8	1	9	5	6	4	7	3
6	9	7	2	4	3	5	8	1
5	3	4	7	8	1	9	6	2
8	7	2	1	6	5	3	9	4
4	6	5	3	9	7	1	2	8
9	1	3	8	2	4	6	5	7